# शासकीय दुकानों से शराब बिक्री की 2856 करोड़ रूपये की राशि में गड़बड़ी का मामला सदन में उठा

**» विधायक धर्मजीत सिंह ने लगाया आरोप-शराब बिक्री की राशि कोषालय में ही जमा नहीं की गई » उक्त राशि को शराब खरीदी, कर्मचारियों को वेतन सहित अन्य कार्यों में किया गया खर्च-लखमा**

**रायपुर (आरएनएस)।** शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज प्रदेश में शासकीय शराब दुकानों में शराब बिक्री से आने वाली राशि में गड़बड़ी करने का मामला उठा। विधायक धर्मजीत सिंह ने आरोप लगाया कि शराब बिक्री का 2856 करोड़ रूपये सरकारी कोषालय में जमा नहीं कर हेराफेरी की गई है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने इस आरोप को गलत बताते हुए कहा कि उक्त राशि से शराब की खरीदी, कर्मचारियों को वेतन सहित अन्य कार्यों में खर्च किया गया है।



प्रश्नकाल में आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के विधायक धर्मजीत सिंह ने अपने मूल प्रश्न में आबकारी मंत्री से जानना चाहा कि 1 जनवरी 2018 से लेकर 31 अक्टूबर 2019 तक प्रदेश में संचालित शासकीय देशी-विदेशी मदिरा दुकानों से कुल कितनी मात्रा में शराब की बिक्री की गई और बिक्री से कितनी राशि सरकारी कोषालय में जमा किया गया।

इसके जवाब में आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बताया कि उक्त प्रश्नावधि में लगभग 11128 करोड़ रूपये की शराब की बिक्री की गई, जिसमें से लगभग 8271 करोड़ रूपये की राशि कोषालय में जमा की गई। इस पर विधायक धर्मजीत सिंह ने पूरक प्रश्न करते हुए पूछा कि शेष 2856 करोड़ रूपये की राशि कोषालय में क्यों जमा नहीं की गई। उक्त राशि कहां गई। इसके जवाब में लखमा ने बताया कि उक्त राशि शराब की खरीदी, कर्मचारियों को वेतन आदि अन्य कार्यों में खर्च किया गया। धर्मजीत सिंह ने कहा कि शराब बिक्री की राशि पहले कोषालय में जमा होती है और उसके बाद सरकार उक्त राशि का उपयोग करती है। उन्होंने कहा कि शासकीय शराब दुकानें निजी दुकानों की तरह नहीं है जिसकी राशि कोषालय में जमा करने से पहले ही अपने मनमर्जी रूप से खर्च कर दी जाए। उन्होंने 2856 करोड़ रूपये की राशि की गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि जब से प्रदेश में शासकीय शराब की दुकानें संचालित हो रही है तब से लेकर अभी तक 10 हजार करोड़ रूपये से अधिक की शराब बिक्री की राशि की गड़बड़ी हुई है। धर्मजीत सिंह ने महासमुंद जिले में शराब दुकान में हुई लूट मामले में भी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सिरफिरे युवक ने छात्रा पर किया चाकू से जानलेवा हमला, छात्रा की हालत नाजुक

**रायपुर (आरएनएस)।** एकतरफा प्यार में पागल सिरफिरे आशिक ने स्कूल में घुसकर छात्रा के गले पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार जिले के गिधौरी थाना क्षेत्र में महंत लालदास उच्चतर माध्यमिक शाला में में 11वीं क्लास की छात्रा को मुकेश खांडेकर सीधे ने स्कूल के अंदर घुसकर एकतरफा प्यार के मामले में छात्रा के गले पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर लहुलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल स्टाफ छात्रा को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की रिपोर्ट गिधौरी थाने में दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की धरपकड़ में जुटी हुई है।

### मुख्यमंत्री निवास में 27 को जनचौपाल : भेंट-मुलाकात कार्यक्रम स्थगित

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में आगामी 27 नवंबर बुधवार को आयोजित होने वाला 'जनचौपाल भेंट-मुलाकात' का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### तालाब में नहाते समय युवती का हाथ बांह पकड़ा, दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तालाब में नहाते समय युवती का हाथ बांह पकड़कर बेइज्जत करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुरेना तेलीबांधा निवासी युवती 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 नवंबर को ग्राम परसदा मरघटी तालाब में नहाते समय प्रार्थियां का हाथ बांह पकड़कर धीरू गिलहरे एवं कर्मा जोशी निवासी ग्राम परसदा मंदिर हसौद में बेइज्जत करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 354, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### पति से विवाद, पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कोरबा (आरएनएस)।** पति से नोंक-झोंक के बाद पत्नी ने गुस्से में आकर अपनी जान दे दी। उसने घर के कमरे में फांसी लगा ली। पूरा मामला पाली थाना से सम्बद्ध चैतमा चौकी के चारपारा गांव का है। जानकारी के अनुसार यहां का रहने वाला सुरेश मकरंद पेशे से किसान और पशुपालक है। उसने मुर्गीपालन के लिए आधे दर्जन चूजे कुछ दिन पहले घर लाया था। कल शाम जब वह खेत से धान लाने के बाद घर पहुंचा तो उसे घर पर चूजे नजर नही आएं। उसने अपनी पत्नी माखनबाई से चूजों के बारे में पूछा तो उसने भी अनभिज्ञता जाहिर की। इसी बात को लेकर माखन बाई और पति सुरेश के बीच तीखी बहस हो गई। पति ने माखन बाई को जमकर फटकार भी लगाई। लेकिन पत्नी को यह फटकार इतना नागवार गुजरा की उसने दुसरे दिन सुबह यानी आज अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। काफी देर बाद भी जब माखनबाई बाहर नही आई तब उन्होंने कमरे में जाकर देखा वहां माखन बाई का शव फंदे पर झूल रहा था। पति सुरेश की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायमी के बाद शव को पीएम के लिए रवाना कर दिया है।

### राज्यपाल उइके से पूर्व राज्यपाल दत्त ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से कल रात यहां राजभवन में पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त ने सौजन्य मुलाकात की। सुश्री उइके ने दत्त का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## रेल्वे पुलिस ने अवैध टिकट के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले में रेलवे के ई टिकटों का फर्जीवाड़ा और अवैध दलाली थमने का नाम नही ले रहा है। रेलवे पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से इस महीने दो और बड़ी छापेमार कार्रवाई की थी जिसमे दो लोगो को अवैध टिकट के साथ गिरफ्तार किया था। रेलवे सुरक्षा बल ने एक अन्य सूचना पर आज फि र संभावित स्थान पर दबिश देते हुए एक कारोबारी को हिरासत में लिया है।



दरअसल रेलवे पुलिस को खबर मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के परिवहन नगर में संचालित कृष्णा ट्रेवल्स नाम के प्रतिष्ठान में ई.टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है, जिसके बाद उक्त प्रतिष्ठान में दबिश दी। पुलिस ने इस दौरान यहां के संचालक प्रफ ुल्ल यादव पिता भगवान दास यादव 32 को हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान उन्होंने करीब 171 नग रेलवे टिकट बरामद किए। जब्त टिकटो में 3 लाइव थे जबकि शेष डेड हो चुके थे। लाइव टिकटों की कीमत 7037 रूपये जबकि डेड टिकटों की कीमत 3 लाख 90 हजार 125 रुपये थी। रेलवे सुरक्षा बल ने आरोपी संचालक प्रफुल्ल यादव के खिलाफ 474, 2019 रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला कायम किया है।

## 881 क्विंटल धान बरामद

**महासमुंद (आरएनएस)।** बागबाहरा क्षेत्र में रविवार को चार राइस मिल और दुकान में दबिश देकर टीम ने 2203 बोरा धान बरामद की। जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 23 हजार 18 बोरे धान बरामद किया जा चुका है। जिसमें 6 वाहन भी जब्त किए गए हैं। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त टीमों ने 4 प्रकरणों में कार्रवाई की।

## विश्वविद्यालय तक्षशिला एवं नालंदा जैसी गरिमा हासिल करने का प्रयास करें - उइके

**» सेन्ट्रल जोन के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल हुई राज्यपाल**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से सेन्ट्रल जोन के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए समय-समय पर मंथन करना बेहद जरूरी है। विश्वविद्यालयों को भी चाहिए कि वे तक्षशिला और नालंदा जैसी गरिमा हासिल करें। इसके लिए यह प्रयास करें कि उच्च शिक्षा की पहुंच सभी वर्गों तक हो और गुणवत्तापूर्वक हो। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं भी दी।



राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि हमारे देश में उच्च शिक्षा का विकास हो रहा है और पहले की अपेक्षा विश्वविद्यालयों की संख्या भी बढ़ रही हैं। आवश्यकता इस बात कि है कि विश्व विद्यालय अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त हों। यह प्रयास करें कि सभी वर्गों तक उच्च शिक्षा की पहुंच हो। उन्होंने उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक ले जाने की आवश्यकता व्यक्त की। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सकल नामांकन अनुपात बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए।

## बिल्हा के दो गावों में मिले एचआईवी संक्रमित37 मरीज, मचा हड़कंप

**» सीएमओ ने दिए जांच के आदेश**




**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के बिल्हा के दो गांव में स्वास्थ्य शिविर में लिए गए ब्लैड सैंपल से हड़कंप मच गया है। ब्लड सैंपल की रिपोर्ट में 37 लोग में एचआईवी पॉजिटिव मिले हैं।रिपोर्ट आने के बाद से स्वास्थ्य विभाग के होश उड़ गए हैं। सेमरा और सेंगरी सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इन गांवों में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर लगाकर लोगों के ब्लड सैंपल लिए थे। ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट में 37 लोगों में एचआईवी पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। सीएमएचओ ने जांच के आदेश दिए हैं।

## राजधानी रायपुर में बनेगा देश का चौथा बड़ा जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क : भूपेश बघेल

**» छत्तीसगढ़ कारीगरों, रिफाइनरी, कटिंग, और पॉलिसिंग का बनेगा हब, स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राजधानी रायपुर में बनने वाला जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क मुम्बई, कोलकाता और सूरत के बाद देश का चौथा बड़ा जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क होगा। यह पार्क अपने आप में अनूठा तथा देश और दुनिया के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। मुख्यमंत्री आज सवेरे यहां सराफा बाजार के महावीर भवन में रायपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इसके पहले सदर बाजार स्थित ऋषभ देव मंदिर में पूजा कर प्रदेश की सुख समृद्धि की खुशहाली की कामना की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पार्क का निर्माण रायपुर के पुरानी गंज मंडी में लगभग दस लाख वर्ग फीट में किया जाएगा। इसमें दस मंजिलें होंगी और दो हजार दुकानें बनेंगी। यह भवन सर्वसुविधा युक्त होगा और यहां सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। बघेल ने कहा कि इस भवन के डिजाइन के लिए सराफा एसोसिएशन से भी विचार विमर्श किया गया है। छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम के अधिकारियों को जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क के अध्ययन के लिए कोलकाता भेजा गया है। इसके बाद उन्हें मुम्बई भी भेजा जाएगा, ताकि रायपुर में बनने वाले पार्क की गुणवत्ता एवं सुविधाओं में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन द्वारा किए गए आत्मीय अभिनन्दन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को संविधान दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरक मालू ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री से 13 नवम्बर को मिलकर रायपुर में जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क स्थापना का आग्रह किया गया था। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 15 नवम्बर को आयोजित केबिनेट की बैठक में पार्क स्थापना की मंजूरी प्रदान कर दी गई। मालू ने कहा कि जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क बनने से छत्तीसगढ़ के कारीगरों, रिफाइनरी, कटिंग और पॉलिसिंग का हब बनेगा, स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और राज्य सरकार को राजस्व भी मिलेगा। इस अवसर पर रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरक मालू सहित सर्वश्री इंदरचंद धाड़ीवाल, जितेन्द्र बरलोटा, त्रिलोक बरड़िया, महेन्द्र कोचर तथा एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी, सदस्य और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## प्रेमी जोड़े ने पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर की आत्महत्या



**बेमेतरा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के नवागढ़ क्षेत्र के मारो चौकी के अंतर्गत ग्राम बिनैका का में युगल प्रेमी ने बबूल के पेड़ पर दुपट्टा और रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया, ग्रामीणों की माने तो दोनों किसी कारण वश ऐसी कदम उठाने को मजबूर हुए होंगे कारण अज्ञात है। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है।

## आदिवासी विकास समिति ने नक्सलियों के विरूद्ध शुरू किया पोस्टर वार

**» मंत्री कवासी लखमा पर लगाया आरोप**

**बीजापुर (आरएनएस)।** नक्सल विरोधी सलवा जुडूम के बाद एक बार फिर से जिले में आदिवासी विकास समिति द्वारा नक्सलियों के विरूद्ध पोस्टर वार शुरू कर दिया है, पर्चों में आदिवासियों ने नक्सलियों को अपना दुश्मन बताया है ।

जिले के धुर नक्सल प्रभावित मद्देड़ क्षेत्र में आदिवासी विकास समिति द्वारा भारी मात्रा में पर्चे फेंका गया है, फेंके गए पर्चे में बासागुड़ा क्षेत्र के तिम्मापुर और दन्तेवाड़ा के टिकनपाल में नक्सलियों द्वारा मासूमो की निर्मम हत्या को गलत बताया है, वहीं आदिवासी विकास समिति के प्रवक्ता ने उद्योग मंत्री कवासी लखमा पर भी आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि वे नक्सलियों के हितैसी नही है तो अब तक इस घटना की निंदा क्यों नही किया गया है। हल्बी में लिखे पर्चे में नक्सलियों को समाज का दुश्मन बताते हुए अपील की गई है कि दुश्मन हमारे बीच है उन्हें पहचानने की आवश्यकता है। पुलिस ने एनएच पर फेंके गए पर्चे को बरामद कर मामले की जांच में जुट गई है ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को मिलने लगा प्ले स्कूल जैसा माहौल

**» शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा का दिखने लगा असर**



**रायपुर (आरएनएस)।** आंगनवाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए चलाए जा रहे शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा (संस्कार अभियान) का असर दिखने लगा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों से आंगनबाड़ी केंद्र अब प्ले स्कूल का रूप लेने लगे हैं। बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और भाषायी विकास के लिए प्रतिदिन 4 से 5 घंटे अलग-अलग खेल, बालगीत, कहानियों के साथ-साथ चित्रकारी, मिट्टी के खिलौने बनाना, रोज मर्रा की अनुपयोगी चीजों जैसे अखबार, गत्ते आदि से बेस्ट ऑउट ऑफ वेस्ट की तर्ज पर खिलौने तैयार करना सिखाया जा रहा है। बच्चों की रुचि अब रचनात्मक और कलात्मक गतिविधयों के प्रति बढ़ने लगी है। जिससे आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चो की उपस्थिति में बढ़ोत्तरी हो रही है। आंगनवाड़ी केंद्र में आए इस बदलाव से अब पालकों और बच्चों का केंद्रों के जुड़ाव बढ़ रहा है। साथ ही बाल सुलभ वातावरण में बच्चों का भरपूर विकास हो रहा है।

**सभी पर्यवेक्षको एव आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण-** दुर्ग ग्रामीण बाल विकास परियोजना अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि परियोजना के सभी 221 आंगनवाड़ी केंद्रों में बदलाव लाने के लिए जून 2019 में पर्यवेक्षको और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के बहुमुखी विकास को प्रेरित करने के गुर सिखाए गए। इस प्रशिक्षण में बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए रूचिकर गतिविधियां और आसपास उपलब्ध चीजों से खेल समाग्री तैयार करने के साथ-साथ बहुत से दूसरे मनोवैज्ञानिक तरीके सिखाए गए, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।